# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अगस्त 2023




नगर पालिक निगम भिलाई

# हरियर छत्तीसगढ़ योजना में निगम कर रहा है वृक्षारोपण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा हरियर छत्तीसगढ़ के लिए शहर की सुंदरता को बढ़ाने राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनो ओर थिमेटिक क्रम में वृक्षारोपण किया जा रहा है, शहर के सावर्जनिक स्थानों को सुंदर बनाने रंगबिरंगे फूल के पौधे रोपित किये जा रहे है और अब तक 5880 वृक्षो का रोपण किया जा चुका है। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास द्वारा डी-मार्ट के पास स्थित गौठान में हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत 9 जुलाई को सघन वृक्षारोपण की शुरूवात करते हुए निगम के पाॅच जोन में जोन अध्यक्ष, महापौर परिषद के सदस्य, पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सैंकड़ो की संख्या में पौधा रोपण किया था। जिलाधीश पुष्पेन्द्र मीणा के द्वारा जिला स्तर पर वृक्षारोपण करने विभागों को दिए निर्देश के तारतम्य में आयुक्त श्री व्यास ने निगम के अधिकारियों को सघन  वृक्षारोप एक अगस्त को पाचो जोन के विभिन्न क्षेत्रों में 834 वृक्ष लगाए है। आम नागरिकों को वृक्षारोपण से जोड़ने के लिए निगम के नर्सरी कुसुम कानन नेहरू नगर से कचनार, अमलताश, पेल्ट्राफार्म एवं फलदार वृक्ष का वितरण किया जा रहा है। महापौर  नीरज पाल एवं आयुक्त  रोहित व्यास ने शहर के नागरिको, संस्थान, समाज सेवी से अपील किये हैै, कि पर्यावरण के संरक्षण हेतु सघन वृक्षारोपण अभियान हरियर छत्तीसगढ़ में भाग लेकर वृक्ष लगाये और पर्यावरण को शुद्व करें।



# भिलाई में खुलेगा आधुनिक लाइब्रेरी तक्षशीला

भिलाईनगर। संभाग स्तरीय युवाओं से भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भिलाई की बहुप्रतिक्षित इंडोर स्टेडियम व तक्षशीला परिसर की घोषणा करके भिलाई के युवाओं को बड़ी सौंगात दी है। स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी में सेंटर आफ एक्सीलेंटस की स्थापना की जाएगी। 15 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस संस्थान में स्टार्टअप यूनिट्स के लिए जगह भी होगी और लैब भी होगा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि युवाओं के बौद्विक विकास एवं खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर भिलाई में बच्चों के लिए तक्षशीला परिसर का निर्माण किया जायेगा । परिसर में ई-लाइब्रेरी एवं कला सृजन को बढ़ावा देने के अवसर बच्चों को प्राप्त होगा। एक हजार बच्चो के बैठने की क्षमता वाले तक्षशीला भवन का निर्माण जी.ई.रोड के किनारे किया जावेगा। 21 करोड़ की लागत से बनने वाले इस भवन में हर एक बच्चे के लिए पार्टिशन कक्ष होगा, जहाॅ बच्चे अपनी रूची का लाइब्रेरी से पुस्तक प्राप्त कर अध्ययन करेगें एवं ई- लाइब्रेरी के माध्यम से विश्व स्तर के लेखकों के पुस्तक पढ़ने का अवसर बच्चों को मिलेग महापौर नीरज पाल ने मुख्यमंत्री जी का आभार मानते हुए बताया की भिलाई में सुसज्जित एक बहुप्रतिक्षित इंडोर स्टेडियम की मांग की जा रही थी, जिसकी सौगात मुख्यमंत्री जी ने आज भिलाई को प्रदान की है। इस स्टेडियम के बन जाने से भिलाई के खिलाड़ियों को सुविधा संपन्न स्टेडियम मिलेगा, जहाॅ खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को और निखार सकेगें।



# उत्कृष्ट स्ट्रीट वेंडर्स को मिला सम्मान

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में स्वीकृत 14 हितग्राहियों को ऋण राशि का चेक प्रदान करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स का सम्मान किया गया।निगम सभागार में आयोजित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के कार्यशाला कार्यक्रम में दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कहा की स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा पीएम स्वनिधि योजना संचालित की जा रही है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में पीएम स्वनिधि के मिशन मैनेजर नलीनी तनेजा ने बताया कि योजना के तहत लोन लेकर जो वेंडर व्यवसाय कर रहे है, नियमित बैंक का किश्त जमा करते है तथा डिजिटल पेंमेंट को बढ़ावा देने वाले वेंडर्स को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। इसके अलावा तीसरे वर्ष के लिए 50 हजार रू लोन के लिए आवेदन करने वाले 14 हितग्राही वेंडर जिनका लोन बैंक से स्वीकृत हो गया है उनको आज लोन राशि का चेक भी प्रदान किया गया। पीएम स्व निधि के तहत अब तक 11180 स्ट्रीट वेंडर्स को लोन मिल चुका है। योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को पहला लोन 10000 रुपए, द्वितीय लोन 20000 और तीसरा लोन 50000 प्रदान किया जाता है। हितग्राही वेंडर्स से लोन के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों को स्क्रूटनी कर लोन स्वीकृत करने बैंक को भेजा जा रहा है।




## नगर पालिक निगम भिलाई

# भिलाई निगम मुख्यालय में शुरू हुआ हेल्प डेस्क

भिलाईनगर। निगम मुख्यालय सुपेला में अपने मकान, भूमि, टैक्स जैसे कार्यो के लिए आने वाले नागरिकों को एक ही स्थान पर जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। जहाॅ शासन की जनकल्याणकारी योजना तथा आवेदन की जानकारी दी जावेगी।नागरिकों की सुविधा के लिए निगम भिलाई में हेल्प डेस्क की स्थापना कर प्रारंभ किया गया है। हेल्प डेस्क के माध्यम से निगम में विभिन्न कार्यो के लिए आने वाले नागरिकों को अपने कार्य के लिए अब विभाग में भटकना नहीं पड़ेगा, सभी तरह के कार्य की जानकारी इस एकल खिड़की में मिल जाएगी। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास के मार्गदर्शन में शुरू किये गए हेल्प डेस्क में नागरिक अपने आवेदन जमा कर आवेदन की स्थिति के बारे में अवगत हो सकेगें।



# डायल करे 14545 मितान घर पहुंचकर बनाएंगे प्रमाण पत्र

भिलाई नगर/ छत्तीसगढ़ शासन की मितान योजना नागरिकों के लिए कारगर साबित हो रही है। लोग घर बैठे अपना व्यक्तिगत शासकीय दस्तावेज बनवा रहे है और अपने समय की बचत कर रहे है। योजना में भिलाई निगम ने अब तक बारह हजार से अधिक लोगो को लाभान्वित किया है। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र के निवासियों को शासन की योजना मितान से लांभान्वित करने महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास योजना को धरातल तक पहुचाने के लिए शतक मॉनिटरिंग कर रहे है। नागरिक टोल फ्री नम्बर 14545 में डायल कर मितान योजना के माध्यम से विभिन्न प्रकार के शासकीय प्रमाण पत्र घर बैठे बनवा रहे है। मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी मितान योजना के माध्यम से सरकार तुहर द्वार के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में अब तक 12525 नागरिकों ने मितान योजना के माध्यम से जन्म - मृत्यु राशन कार्ड आधार पैन कार्ड जाति निवासी, विवाह प्रणाम पत्र जैसे 24 प्रकार के दस्तावेज घर बैठे बनवाकर समय की बचत किए है। नागरिक टोल फ्री नम्बर पर फोन करके योजना के मितान को अपने घर बुलवाकर दस्तावेज प्रदान करते है जिसका मितान द्वारा स्केन कर निर्धारित समय पश्चात नागरिकों को घर पहुचकर उनका प्रमाण पत्र उन्हे सौंपते है। शासन के इस अत्यंत उपयोगी योजना मितान घर पहुंचकर हमर सरकार हमर द्वार के सपने को साकार कर रहे है। भिलाई निगम प्रशासन की अपील है कि मितान योजना के माध्यम से प्रमाण पत्र एवं जरूरी सेवाओं का लाभ लेने के लिए 14545 टोल फ्री नम्बर पर संपर्क करे।



# अभियान, हमर भिलाई हरियर भिलाई

भिलाईनगर। शहर के बाजार क्षेत्र की खुबसूरती को बढाने नगर निगम व्यापारी संस्थाओ के साथ खुबसुरत फुल के पौधो का वितरण कर रही है और गमलो के देखभाल की जिम्मेदारी दुकानदारो को सौपी है। नगर पालिक निगम भिलाई, चेम्बर आफ कॉमर्स एवं व्यापारिक समिति के सहयोग से बड़े बाजार क्षेत्र के दुकानो के सामने गमले में खुबसूरत फुलो के पौधा का वितरण आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर कर रहे है । दुकानदार गमलो की देखभाल कर उसे पुष्पित पल्लवित करेंगे। 15 अगस्त से शुरू किए गये इस अभियान मे सेक्टर 6 ए मार्केट के दुकानदारो को जोन आयुक्त द्वारा पौधा रोपित गमले का वितरण किया गया है । आयुक्त श्री व्यास ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किए थे कि निगम क्षेत्र के आकाशगंगा, सुपेला, गोल मार्केट वैशाली नगर, सर्कुलर जवाहर मार्केट पावर हाउस, न्यू खुर्सीपार मार्केट मे दुकान के सामने रखने दुकानदारों को गमले मे रंग बिरंगे फुल के पौधे वितरण किया जावे इसके लिए नगर के चेम्बर आफ कामर्स सहित अन्य व्यापारिक संगठनो से सहयोग भी लिया जा रहा है। नगर निगम और व्यापारी संकल्पित है कि शहर वासियों को बाजार क्षेत्र खुबसूरत और हराभरा दिखे।



# नेहरू नगर चौक का हो रहा सौंदर्यीकरण

भिलाईनगर। नेहरू नगर चौक को नया स्वरूप प्रदान कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की आदमकद प्रतिमा एवं मदनवाड़ा में शहीद हुए प्रदेश के जवानों का स्मारक स्थापित किया जा रहा है। चौक में प्रदेश की सबसे घड़ी स्थापित कर फव्वारा के साथ आकर्षक बनाया जा रहा है। शहर के सबसे व्यस्ततम चौक नेहरू नगर का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, आवागमन के लिए एप्रोच रोड बनाने के साथ नेहरू जी की प्रतिमा को भी सड़क के बीच से हटाकर किनारे पर व्यवस्थित किया गया है, इससे चौक पर ट्राफिकन दबाव नियंत्रण करने में सहुलियत मिलेगी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का आज महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निरीक्षण किया सभी प्रोजेक्ट शीघ्र ही पूरा करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों सुविधा का लाभ शीघ्र ही मिल सके।इसी तारतम्य में अधिकारियों ने नेहरू नगर चौक की विस्तृत प्लानिंग कर कार्य शुरू किए और शीघ्र ही इसके जनता को समर्पित करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहे है। सौंदर्यीकरण के बाद नेहरू नगर चौक से गुजरने वाले नागरिकों को चौक का नये कलेवर पहले और ज्यादा आकर्षक दिखाई देगा तथा चौक के चारो ओर से अतिक्रमण हट जाने से वाहन को सड़क पार करने के लिए पर्याप्त जगह भी मिलेगी जिससे गाड़ियां जाम में नहीं फंसेगी। महापौर एवं आयुक्त ने शांतिनगर फुटबाल मैदान, डबरापारा चौक, पाॅवर हाउस में बन रहे बीपीओ सेंटर का भी निरीक्षण कर कार्य की प्रगति से अवगत हुए।



# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

भिलाई नगर/ छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के निकास स्तर का दो दिवसीय आयोजन भिलाई विद्यालय सेक्टर 02 के मैदान में किया जा रहा है, जिसमें निगम क्षेत्र के पा ॅच जोन तथा जामुल निकास से चुनकर आये टीम के खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन 26 जुलाई से प्रारंभ किया गया, जिसके प्रथम चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर का आयोजन किया गया, जिसके विजेता खिलाड़ियों को जोन स्तर के प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है, जोन स्तर के विजेता खिलाड़ियों को खेल के तीसरे चरण में निकाय स्तर का आयोजन बुधवार को सेक्टर 02 भिलाई विद्यालय के मैदान में किया जा रहा है। जिसमें भिलाई के पा ॅच जोन तथा जामुल निकाय से जीत कर आये गिल्ली डण्डा, पिट्टूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, कंचा, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मी दोड़, लम्बीकूद, रस्सीकूद, कुश्ती के खिलाड़ी निकाय स्तर के इस दो दिवसीय आयोजन में अपना भाग्य आजमायेगे। पारम्परिक खेलो में खिलाड़ी पूरे उत्साह से मैदान में दमखम दिखा रहे है, खेल आयोजन को सफल बनाने नोडल अधिकारी डी.के. वर्मा, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सहायक नोडल अधिकारी अजय शुक्ला, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, अनिल मेश्राम, मलखान सिंह सोरी, जे.पी.तिवारी, धीरज साहू सहित युवा मितान क्लब के सदस्य मैदान म े डटे रहे।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# निगम क्षेत्र में बन रहा है औधोगिक पार्क

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र के युवा बेरोजगारों को स्वावलंबी बनाने महात्मा गांधी शहरी इंडस्ट्रीयल पार्क का स्थापना करने जा रहा है। जहां युवक स्वयं का लघु उद्योग संचालित कर अन्य युवाओं को देगें रोजगार। आयुक्त रोहित व्यास ने प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम लगभग 2.5 एकड़ जमीन में वाहन शाखा के पीछे आकार ले रहे इंडस्ट्रीयल पार्क स्थल तक पहुंच मार्ग , नाली, बिजली, पानी जैसे आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के लिए किये जा रहे कार्या का स्थल अवलोकन किये । निरीक्षण के दौरान उपस्थित विभागीय अधिकारियों से उद्यमियों के लिए सभी आवश्यक सुविधा मुहैया कराने तथा निर्माण कार्य की प्रगति का फीडबैक लेते हुए सभी कार्य को गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश देते हुए समय सीमा में पूर्ण करने कहा ताकि इसका लाभ क्षेत्र के युवाओं को शीघ्र मिले सके।शासन की महत्वाकांक्षी योजना को जनता को समर्पित कर लाभ दिलाने उद्योग स्थापित कराने भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल ने वार्ड 06 प्रियदर्शनी परिसर में रिक्त स्थल चयन कर विधिवत निविदा प्रक्रिया को पूर्ण कर औधोगिक पार्क स्थापना का कार्य शीघ्रता से करा रहे है। निगम द्वारा बनाये जा रहे महात्मा गांधी शहरी इंडस्ट्रीयल पार्क में शिक्षित युवा बेरोजगारो को उनको स्वयं का रोजगार स्थापित करने भूमि आबंटित किया जायेगा, जहां मिलेट प्रोसिंग प्लांट, पापड़, उद्योग, दोना पत्तल उद्योग जैसे लघु उद्योग की स्थापना कर क्षेत्र के अन्य युवाओं को रोजगार देगें।



# निगम प्रशासन ने 04 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाईनगर । निगम मे 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके निगम के 04 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से सेवानिवृत्त होने वाले रोहित कुमार चन्द्राकर आ0 खुमान जोन 03, देवेन्द्र मोहन साकरकर आ0 विठ्ठलराव जनसूचना विभाग, भरत लाल आ0 बृजलाल जोन 02, के. राजू आ0 गुरवैयया जोन 02 को स्मृति चिन्ह, शाल और श्रीफल भेंट कर अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना के साथ बिदाई दी गई। कार्यपालन अभियंता शरद चावड़ा ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है। इसी प्रकार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के साथ कार्य करने वाले अन्य कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए समय को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना किये




**Editorial Board**

श्री रोहित व्यास
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री शरद दुबे
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई